भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-318

उत्तर देने की तारीख-02/02/2026

विश्व भारती विश्वविद्यालय, आईआईटी खड़गपुर और आईआईएम जोका में रिक्त पद

318. श्रीमती माला राय:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तिथि के अनुसार विश्व भारती विश्वविद्यालय, आईआईटी खड़गपुर और आईआईएम जोका में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक रिक्त पदों की संख्या कितनी है;
(ख) इन रिक्तियों का पद-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) इन पदों को न भरे जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ग): विश्व-भारती विश्वविद्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर और भारतीय प्रबंधन संस्थान कोलकाता सांविधिक स्वायत्त संस्थान हैं जो अपने-अपने अधिनियमों, संविधियों और अध्यादेशों द्वारा शासित होते हैं।

इन संस्थाओं में रिक्तियां सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र और छात्रों की बढ़ी हुई संख्या के कारण अतिरिक्त आवश्यकताओं के कारण उत्पन्न होती हैं। इन रिक्तियों को भरने की जिम्मेदारी स्वयं संस्थानों पर ही होती है। चूंकि यह एक सतत प्रक्रिया है, इसलिए संकाय पदों के लिए वांछित अर्हताएं और अनुभव पूरा करने वाले सभी उम्मीदवारों के लिए संकाय पदों के लिए विज्ञापन पूरे वर्ष प्रकाशित किए जाते हैं।

सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी और आईआईएम को रिक्तियों को मिशन मोड के तहत भरने का निदेश दिया गया है।

*****